गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 604/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक :03.10.2025

प्रति,

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

**Subject :-** Dispatch of minutes of 223rd meeting of Standing Committee of Academic Council dated 03-10-2025.

---0---

**महोदय/महोदया,**

**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 03.10.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 223rd meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 03-10-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 605/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 03.10.2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 223वीं बैठक दिनांक 03.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 ए.के. दीक्षित, प्रभारी अधिष्ठाता–जीव विज्ञान विद्यापीठ | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सुजीत मिश्रा, प्रभारी अधिष्ठाता–शिक्षा विद्यापीठ | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 निधि संदल, प्रभारी अधिष्ठाता विधि विद्यापीठ | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति / निदेशक–अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 14. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 15. | डॉ0 विनोद कुमार विश्वकर्मा | सदस्य |
| 16. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 सम्पूर्णानन्द झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओडीएल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 आर.के. चौबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण
2. डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 222वीं बैठक दिनांक 21.09.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 222वीं बैठक दिनांक 21.09.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

Ranadive
03-10-2025

03/10/2025

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 222वीं बैठक दिनांक 21.09.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 222वीं बैठक दिनांक 21.09.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

**विषय क्र. 03.** **विश्वविद्यालय हेतु यूट्यूब पर चैनल बनाये जाने एवं उसमें विडियो, रील आदि अपलोड किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव एवं प्रारूप को अमान्य किया जाय एवं आवश्यक संशोधन/सुधार के पश्चात् आई.क्यू.ए.सी. के माध्यम से प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत किया जाय।

**विषय क्र. 04.** **यूजीसी, के फीस वापसी पॉलिसी—2024 को सत्र 2025—26 हेतु यथावत् मान्य करने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया किय यूजीसी, के फीस वापसी पॉलिसी—2024 को सत्र 2025—26 हेतु यथावत् मान्य करते हुए शुल्क वापसी संबंधी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाय।

**विषय क्र. 05.** **विश्वविद्यालय में किसी भी कार्यक्रम, सेमिनार, सम्मेलनों सहित शैक्षणिक आयोजनों के बाद संसाधनों के अपव्यय को रोकने के संबंध में विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि आंशिक संशोधन के साथ विश्वविद्यालय में किसी भी कार्यक्रम, सेमिनार, सम्मेलनों सहित शैक्षणिक आयोजनों के बाद संसाधनों के अपव्यय को रोकने संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रो0 आर.के. प्रधान, विभागाध्यक्ष—राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्नातक स्तर के शैक्षणिक कार्यक्रमों में 03 नये वी.ए.सी. कोर्स ऐच्छिक विषय के रूप में संचालित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्राप्त प्रस्तावानुसार पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्रदान की जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष डॉ0 नवनीत कौर कंवल, विभागाध्यक्ष, फॉरेन्सिक विज्ञान विभाग द्वारा बी.एससी. ऑनर्स फॉरेन्सिक साईंस पाठ्यक्रम में 30 अतिरिक्त सीटों की वृद्धि का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्तुत पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्तावानुसार बी.एससी. ऑनर्स फॉरेन्सिक साईंस पाठ्यक्रम में 30 अतिरिक्त सीटों की वृद्धि की अनुमति प्रदान की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त सीटों पर प्रवेश स्व—वित्तीय योजना के अंतर्गत प्रदान किया जायेगा तथा आरक्षण रोस्टर का नियमतः पालन किया जायेगा।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि उपरोक्त 30 सीटों पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्रति सेमेस्टर शुल्क रूपये 40,000/— रहेगा। आगे और भी यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान सत्र 2025—26 से ही सीट वृद्धि मानते हुए आगामी प्रवेश प्रक्रिया की जाय।



Rancdive
03-10-2025

03/10/2025

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष सी.यू.ई.टी. स्नातक स्तर के रिक्त सीटों के विरूद्ध विशेष कॉउसलिंग आयोजित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 07.10.2025 को विशेष ऑफ लाईन कॉउसलिंग का आयोजन किया जाय एवं इच्छुक् आवेदकों को उक्त तिथि को ही प्रवेश प्रदान कर दिया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

Ranadive 03-10-2025 | 03/10/2025
--- | ---
**कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव** | **कुलपति / अध्यक्ष**